खाटूवाले जल्दी आजा

खाटूवाले जल्दी आजा दुःख हमसे देखा नहीं जाता,
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता -2
खाटूवाले जल्दी आजा ……

खुद में मुझको बसा ले बाबा दुःख भी कभी ना पास आये,
हँसते हँसते अपना बना ले होना गर हम तेरे चाहें….-2
तेरी याद में बाबा हर पल मेरा दिल तो तड़पा जाता,
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता…..

लीला तुम्हारी सबसे अलग उपकार तुमने सब पे किया,
जान लिया किस्मत में मेरी तेरे सिवा है कुछ ना लिखा...-2
साथ तेरे बिन ओ बाबा दिल मेरा पल पल घबराता,
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता…..

इस काबिल हमें बना दो बाबा काम किसी के आ जाएँ,
जिस राह पर भी चला दो बाबा आँख मीच कर चलते जाएँ...-2
कहता है आशीष जगत में हारों को बस तू ही जिताता,
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता

खाटूवाले जल्दी आजा दुःख हमसे देखा नहीं जाता,
तेरे दर्शन बिन ओ बाबा दिल मेरा अब रह नहीं पाता….

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22918/title/Khatuwale-Jaldi-Aaja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |